(101) दिनांक 12/06/2025

पत्रांक 2607 / कार्य-7 (JSM) / 91

# जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 04.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 95 / छियत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टी0सी0–अ दिनांक 21.01.2020 एवं शासनादेश संख्या– 190 / छियत्तर–1–2020 –20–25सम / 2019 दिनांक 24.01.2019 के क्रम में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अमेठी में निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 04.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों / जल जीवन मिशन योजनाओं की जांच हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित टीम के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री संजय चौहान, जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
2. श्री सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
3. श्री डी0पी0 गौतम, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
4. श्री अर्चित त्रिपाठी, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
5. श्री राजेश कुमार गुप्ता, जूनियर इंजीनियर(तकनीकी), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
6. श्री शिवमूर्ति सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
7. श्री आशुतोष राय, कान्स्ट्रक्शन मैनेजर मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
8. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
9. श्री सिद्धार्थ तिवारी, डी0पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0 / हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0
10. श्री अजयराज सिंह, पी0एम0 मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स–गाजा प्रा0लि0 / हेत्वी कान्स्ट्रक्शन प्रा0लि0

श्री डी0पी0 गौतम, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई ने शिरोपरि जलाशयों को माह मई–2025 तक पूर्ण करने के निर्धारित लक्ष्य 75 नग के सापेक्ष 58 नग, मेसर्स गायत्री–रैम्की प्रा0लि0 हैदराबाद ने 120 नग के सापेक्ष 110 नग एवं मेसर्स विन्ध्या–गाजा प्रा0लि0 नोएडा ने 150 नग के सापेक्ष 124 नग पूर्ण किये गये है।

**1–निर्माणाधीन योजनाओं में उच्च जलाशय की स्थिति**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसकी प्रगति निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय की संख्या | शिरोपरि जलाशय में कार्य प्रारम्भ की संख्या | पूर्ण शिरोपरि जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 133 | 132 | 58 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 165 | 165 | 110 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 194 | 194 | 124 |
| | कुल योग | 492 | 491 | 292 |

इस प्रकार मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज की उच्च जलाशय की प्रगति अत्यन्त खराब असंतोषजनक पायी गयी। समस्त एजेन्सियों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा मैनपावर बढ़ाकर प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त एजेन्सियों को 30 जून–2025 तक उच्च जलाशय पूर्णकर उनकी जियो टैग फोटोग्राफ सहित अगली समीक्षा बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किये गये–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | माह 31 मई–2025 तक पूर्ण शिरोपरि जलाशय की संख्या | माह 30 जून–2025 तक पूर्ण किये जाने वाले शिरोपरि जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 58 | 75 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 110 | 120 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 124 | 150 |
| | कुल योग | 292 | 345 |

उक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रत्येक एजेन्सी को मैन पावर बढ़ाने के निर्देश दिये गये है। जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाय।

**2–वितरण प्रणाली बिछाये जाने की स्थिति:–**

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | कुल बिछायी जाने वाली पाइपलाइन (किमी0) | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0) | अवशेष वितरण प्रणाली (किमी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1832.00 | 1792.00 | 40.00 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3622.00 | 3585.00 | 40.00 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 3323.00 | 3252.00 | 71.00 |
| | **कुल योग** | **8777.00** | **8626.00** | **151.00** |

समीक्षा बैठक मे पाया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज द्वारा 7 किमी0 मेसर्स गायत्री–रैम्की द्वारा 20 किमी0 तथा मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स गाजा द्वारा पिछली बैठक की तुलना में मात्र 3 किमी0 वितरण प्रणाली ही बिछायी गयी है। जो कि अत्यन्त खराब असंतोषजनक है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष पाइपलाइन को यथा शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय।

**3–विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्थिति :–**

सहायक अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु एन0एच0ए0आई0, रेलवे से एन0ओ0सी0 प्राप्त न होने के कारण मेसर्स वेलस्पन की 39 किमी0, मेसर्स गायत्री–रैम्की की 60 किमी0 एवं मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स गाजा की 55 किमी0 पाइपलाइन डालना शेष है। एन0ओ0सी0 प्राप्त किये जाने हेतु खण्ड द्वारा सम्बन्धित विभाग से पत्राचार के माध्यम से अनुरोध किया गया है परन्तु वांछित कार्यवाही शेष है।

**2–निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में तोड़ी गयी रोड/खंड़जे की पुर्नस्थापना की स्थिति:–**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जे की पुर्नस्थापना का कार्य संतोषजनक नहीं है। फर्मो द्वारा तोड़ी गयी रोड/खंड़जें की पुनर्स्थापना का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0) | पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जा (किमी0) | पुर्नस्थापना की गयी रोड/खंड़जा (किमी0) | अवशेष रोड/खंड़जा पुर्नस्थापना (किमी0) | पुर्नस्थापना की गयी रोड/खंड़जा प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1792.00 | 374.00 | 355.00 | 19.00 | 94.92 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3585.00 | 1603.00 | 1595.00 | 8.00 | 99.50 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 3252.00 | 1488.00 | 1465.00 | 23.00 | 98.45 |
| | **कुल योग** | **8626 .00** | **3465.00** | **3415.00** | **50.00** | **98.56** |

तोड़ी गयी रोड/खंड़जा का पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापूर्वक किया जाना अति आवश्यक है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जो की पुर्नस्थापना शीघ्र की जाय। जिससे किसी प्रकार की असुविधा जन सामान्य को न हो।

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई द्वारा सीधे पम्पिंग के माध्यम से संचालित योजनाओं की सूची से क्रमांक 9 पर अंकित उत्तरगांव ग्रामीण पेयजल योजना के स्थलीय सत्यापन हेतु वहां के ग्राम प्रधान द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान सीधे वार्ता की गयी। मेसर्स वेलस्पन के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पानी की टंकी बन चुकी है। जबकि ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि अबतक पानी की टंकी नहीं बनी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किय गया कि गलत रिर्पोटिंग एवं अत्यन्ता खराब प्रगति के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, महोदय को पत्र प्रेषित किया जाय।
- मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स–गाजा नोएडा के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि एक माह में मात्र 02 नग शिरोपरि जलाशय ही पूर्ण किये गये है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि स्मार्ट प्लानिंग के साथ अलग–अलग टीमें बनाकर समस्त शिरोपरि जलाशयों को सितम्बर–2025 तक पूर्ण करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि फर्म की असंतोषजनक प्रगति के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, महोदय को पत्र प्रेषित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स गायत्री–रैम्की प्रा0लि0 हैदराबाद द्वारा शिरोपरि जलाशय के माध्यम से संचालित योजनाओं की सूची से क्रमांक 9 पर अंकित सादीपुर ग्रामीण पेयजल योजना के स्थलीय सत्यापन हेतु वहां के ग्राम प्रधान द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान सीधे वार्ता की गयी। ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारु रुप से की जा रही है। पानी साफ व समय से मिल रहा है। मुझे कोई शिकायत नहीं है।

इसी प्रकार सूची से क्रमांक 21 पर अंकित ओनडीह ग्रामीण पेयजल योजना के ग्राम प्रधान द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान सीधे वार्ता की गयी। ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गांव में लगभग 35 कनेक्शन बाकी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किय गया कि योजनान्तर्गत शेष गृह संयोजनों को कराते हुये फोटोग्राफ सहित अगली बैठक में उपस्थित हो।

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया कि क्लोरिनेशन के पश्चात् ही जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें एवं जिन योजनाओं पर क्लोरिनेशन प्लान्ट स्थापित नहीं है वहां अतिशीघ्र क्लोरिनेशन पलान्ट स्थापित कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया कि समस्त लीकेजों की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुये जिन योजनाओं शिरोपरि जलाशय का कार्य अपूर्ण है उन योजनाओं में सीधे पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मो को सोलर प्लांट के पावर आउट पुट की जांच कराने के निर्देश दिये गये तथा सोलर की मरम्मत करने वाले मैकेनिक का नाम व मो0नं0 पम्प हाउस में अंकित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये कि गृह संयोजन को लाभार्थी के घर के अन्दर करना सुनिश्चित करें एवं जो लाभार्थी घर के अन्दर नहीं चाहते उनसे लिखित रुप से सहमति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभिन्न योजनाओं पर तैनात पम्प आपरेटरों (मो0नं0 सहित) की सूची उपलबध कराने के निर्देश दिये गये।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा हीट वेव से बचाव हेतु प्याऊ लगाने एवं ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत समस्त योजनाओं में नियमित जलापूर्ति कराने तथा समीप के तालाबों के भरने के भी निर्देश दिये गये।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यो की गुणवत्ता के साथ-साथ नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने एवं सामग्री की टेस्टिंग एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण करते हुये समुचित कार्यवाही की जाय।
- जिलाधिकारी द्वारा जनपद में समस्त ऑगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला में शत प्रतिशत क्रियाशील जल संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।
- जिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर सुरक्षा किट (हेल्मेट, बेल्ट, सेफ्टीनेट इत्यादि) उपलब्ध कराना एवं श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाया जाना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम/अधिशासी अभियन्ता जल निगम (विद्युत यांत्रिक)/मे0वेलस्पन प्रा0लि0/मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स/डी0पी0एम0यू0/टी0पी0आई0**

(अखिल कुमार राव)
अधिशासी अभियन्ता

<u>ार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी</u>

ं0सं0 2607 / कार्य-7(JJM) / 91 दिनांक 12/06/2025

तिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या (कैम्प-सुलतानपुर)।
3. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर अवलोनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
5. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें एवं कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण करायें।
6. श्री शिवमूर्ति सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी को आशय से कि आगामी समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु।
7. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्वई।
9. श्री सिद्धार्थ तिवारी, पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 हैदराबाद।
10. श्री अजय राज सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 वी0टी0एल0-गाजा प्रा0लि0/ हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता